Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a flyover from Sheesham Tiraha to Saras Chauraha on Agra-Bikaner N.H. No. 21.-laid

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): आगरा-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-21 पर स्थित सारस चौराहा व शीशम तिराहा सड़क दुर्घटनाओं का केंद्र बन गया है और यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।

पूर्व में कई लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके हैं तो कई घायल भी हो चुके हैं। पिछले लंबे समय से हाईवे के इस इलाके में फ्लाईओवर बनाने की मांग चली आ रही है। फ्लाईओवर नहीं बनने से यहां हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

अगर शीशम तिराहे से सारस चौराहे से आगे सूर्या सिटी तक फ्लाईओवर बना दिया जाए तो सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। पिछले दिनों सारस चौराहे पर हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला की दर्दनाक मौत हुई थी जिसको लेकर स्थानीय लोगों द्वारा काफी दिनों तक आंदोलन किया गया था। पर्यटन की दृष्टि से भी भरतपुर प्रमुख केंद्र है। भरतपुर में विश्वविख्यात केवलादेव घना पक्षी विहार स्थित है तो वहीं यहां से आगरा की दूरी मात्र 55 किलोमीटर है तो वही जयपुर भरतपुर से 180 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। इसके अलावा दिल्ली की दूरी भी भरतपुर से लगभग 190 किलोमीटर है। मेरा सरकार से निवेदन है कि इसको बनवाने की कृपा करें।